MERSEN

*Expertise, our source of energy*

# नीति संबंधी संहिता

जुलाई २०१७



## विषय सूची

०३ • परिचय - निति सम्बन्धी सहिंता
०४ • यह  किस पर लागू होती है ?
०.५ समूह में रिश्ते
०.६ • अपने ग्राहकों, आपूर्तिकारों और प्रतिस्पर्धियों के साथ हमारे रिश्ते
०७ • अपने शेयरधारकों के साथ हमारे रिश्ते
०८ • सम्पत्ति की सुरक्षा
०९ • एक उत्तरदायी व्यवसाय के रूप में उपक्रम
१० • संपूर्ण साधन
११ • निति सम्बन्धी किस से संपर्क करना है ?

# प्रस्तावना

मर्सन समूह का विकास अधिकतर उस  भरोसे और विश्वास पर निर्भर करता है जो मर्सेन समूह अपने हितधारकों में प्रेरित करता है , खासतौर पर अपने कर्मचारियों, अपने ग्राहकों और अपने आपूर्तिकर्ताओं अपने बैंकों और शेयरधारकों के प्रति ।

नैतिक संहिता समूह के इस विश्वास  की सामूहिक और व्यक्तिगत वचनबद्धता की फिर पुष्टि करती है ।  यह अत्यावश्यक है कि सबके साथ इस संहिता को साझा किया जाए ताकि प्रत्येक व्यक्ति आधारभूत मौलिक सिद्धांत स्वीकार करे । यह सिद्धांत समूह के विकास के लिए अत्यावश्यक हैं ।

नैतिक संहिता मर्सेन के सभी कर्मचारियों पर लागू होती है भले ही उसका कोई भी पद हो और साथ ही यह निदेशक मंडल के सदस्यों पर भी लागू होती है । अतः मैं प्रत्येक से यह आशा करता हूँ कि वह इन नियमों का पालन करेगा और हमारे वाणिज्यिक साझेदारों और ख़ासकर हमारे आपूर्तिकर्ताओं को भी इनके बारे में सूचित करे ताकि वे भी इन्हें लागू करने के लिए वचनबद्ध हों ।

ल्यूक थेमलं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

## और कार्यकारी समिति

तोमा बौम्गार्टनर
मुख्य वित्तीय अधिकारी

जिल्स बुआस्सो
समूह उपाध्यक्ष वैद्युत शक्ति

क्रिस्तोफ़ बोम्मिएर
समूह के उपाध्यक्ष अनुसन्धान
नवाचार  और व्यापार समर्थक

थोमा  फर्कास
समूह उपाध्यक्ष कार्यनीति एवं एम् एंड ए

जों फिलिप फोर्निएर
समूह उपाध्यक्ष सञ्चालन

एरिक गुआज्शिओती
समूह उपाध्यक्ष उन्नतसामग्री

एस्तेल्ल लग्रां
समूह उपाध्याक्षिका मानव संसाधन

दिदिएर मुल्लेर
समूह उपाध्यक्ष एशिया और लैटिन अमेरिका

# नीति संबंधी संहिता

## यह निति सम्बन्धी संहिता किस पर लागू होती है?

नैतिक संहिता मर्सन के सभी कर्मचारियों और दुनिया में इसके सभी नियंत्रित कंपनियों के सभी कर्मचारियों, अधिकारी और निदेशकों पर लागू होती है।

यह संहिता १३ भाषाओं (जर्मनी की भाषा, अंग्रेज़ी, अरबी, चीनी भाषा, कोरियाई भाषा, स्पेनिश, फ़्राँसीसी, इतालवी, जापानी, पुर्तगाली, हिंदी, हंगरी की भाषा और तुर्की) में इसलिए उपलब्ध है ताकि ज़्यादा से ज़्यादा कर्मचारी अपनी मातृभाषा में नैतिक संहिता पढ़ सकें।

फ़्राँस में फ़्राँसीसी भाषा में छपा संस्करण मायने रखता है, अंग्रेज़ी में छपा संस्करण अन्य देशों के लिए है।

## मर्सन कंपनी की वेबसाइट और इसके इंट्रानेट पर नैतिक संहिता उपलब्ध है।

इस नीति संबंधी संहिता के किसी भी उल्लंघन की तहक़ीकात होगी एवं हो सकता है कि संबंधित देश के कानून और कंपनी में लागू नियमों की धाराओं के अनुसार अनुशासनिक कार्यवाही की जाए।

## जिन आचरणों का पालन करना है उनके बारे में ऑनलाइन शिक्षा

इस दस्तावेज़ के अलावा मर्सन अपने कर्मचारियों को एक ऑनलाइन प्रशिक्षण भी प्रदान करता है जिसका विशेष उद्देश्य है नैतिकता के कुछ पूर्वनिश्चित विषयों के बारे में समूह की अपेक्षाएँ व मानकों के बारे में प्रशिक्षण देना।

## कानूनों और मानवाधिकार के कानूनों का सम्मान

जिन देशों में मर्सन काम करता है वह वहाँ अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के साथ-साथ वहाँ के राष्ट्रीय और स्थानीय कानूनों व नियमों को भी बहुत महत्व देता है। यह ख़ासकर श्रम कानूनों, प्रतिस्पर्धा सम्बन्धी कानून, भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष और धनशोधन सम्बन्धी कानूनों के विषय में है।

जब एक कानून या स्थानीय रीति-रिवाज़ और निति सम्बन्धी संहिता में मतभेद होता है तब हमेशा उस दस्तावेज़ को माना जाता है जो सबसे ज्यादा कड़े नियमों की प्रत्याशा करता है।

इसके अलावा मर्सन ने २००९ से संयुक्त राष्ट्र संघ के विश्व समझौते, जिसके नियम इस दस्तावेज़ के अंत में पेश किये गए हैं, पर हस्ताक्षर किये हुए हैं।

हम कई देशों में मौजूद है और हमारी बच्चों से काम करवाने वालों और जबरदस्ती काम करवाने पर शुन्य सहिष्णुता निति है।



# समूह में रिश्ते

मर्सन समूह की कंपनी की परियोजना सबसे पहले समूह के आदमियों और औरतों पर निर्भर करती है। वे ही हैं जिनके पास विशेषग्यता और प्रगतिशील समाधान विकसित करने की दक्षता है। उनका ज्ञान और उनकी दक्षता मर्सन समूह का सबसे महत्त्वपूर्ण खजाना, उसकी उसकी मानव पूंजी है।

इस विश्वास से सशक्त मर्सन समूह अपने दलों के विकास में जुड़ा रहता है और उनकी सुरक्षा व

उनके व्यक्तिगत विकास के लिए सब कुछ करता है। हम अपने कर्मचारियों से जिम्मेदार रवैये की आशा करते हैं फिर मर्सन संगठन और उनका कोई भी पद-स्तर क्यों न हो।

इस स्तर पर मर्सन समूह, उसके कर्मचारी और और उसके कर्मचारी और अधिकारी और निर्देशक निम्नलिखित नियमों पर डटे रहते हैं।

## स्वास्थ्य - सुरक्षा

- समूह लोगों की सुरक्षा व संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सब ज़रूरी काम करता है। कर्मचारी अधिकारी और निदेशक समूह के स्वास्थ्य – सुरक्षा के सभी नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हैं।
- समूह यह सुनिश्चित करता है कि समूह की स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी नीतियों के बारे में सबको पता हो और भले ही कोई भी व्यावसायिक, व्यापार या वित्तीय दायित्व क्यों न हो तब भी इनका पालन किया जाए। जिस कर्मचारी या अधिकारी और निदेशक को किसी स्वास्थ्य और सुरक्षा की संभावित समस्या के बारे में पता होता है वह तुरंत अपने से ऊपर के पद पर काम करने वाले व्यक्तियों या स्वास्थ्य – सुरक्षा निदेशक को इस बारे में तुरंत सूचना दे कर समझने का काम करता है।

## उत्पीड़न

- समूह कर्मचारियों के सभी प्रकार के उत्पीड़न, धमकी और हिंसा से उनकी रक्षा करने का वचन देता है फिर चाहे यह शारीरिक, मानसिक या यौन सम्बन्धी ही क्यों न हो। कर्मचारी अधिकारी या निदेशक समूह के किसी भी तरह के उत्पीड़न से मुक्त काम करने की जगह के लिए और बाकी लोगों के आदर का समर्थन करते हैं और इस पर चलते रहने का वचन देते हैं।

## बराबर मौके

- समूह किसी भी तरह का भेदभाव न करने का वचन देता हैं इसके साथ ही यह भी वचन देता हैं कि भर्ती, भुगतान, कार्य और पदोनति भी दी जाएँगी। व्यक्तिगत कौशल और योग्यता के अनुसार कर्मचारी अधिकारी और निदेशक समूह के विविधता और अवसरों की बराबरी के हक में होने का भी समर्थन करते हैं। इसके साथ-साथ वे स्वयं भी किसी भी तरह का भेद-भाव न करने का वादा करते हैं।

## आपसी सम्मान

- समूह हर कर्मचारी के निजी जीवन और ख़ासकर व्यक्तिगत तरह की जानकारियों को राज़ बनाए रखने की गारंटी देता है। कर्मचारी कर्मचारी अधिकारी और निदेशक इस समूह के इस वादे का समर्थन करते हैं और साथ ही खुद भी इसका पालन करने का वचन देते हैं।

# अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और प्रतिस्पर्धियों के साथ हमारे रिश्ते

मर्सन की व्यावसायिक गतिविधियां दो ऐसे क्षेत्रों में दिखाई देती है जिसमें उसे विश्व में अग्रणी या फिर अग्रणी के साझेदार का स्थान मिला हुआ है। विशेषज्ञता के इन क्षेत्रों पर विचार करके, हम अपने औद्योगिक प्रदर्शन को अनुकूलित करने के लिए अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुसार नए समाधान तैयार करते हैं।

अतः ग्राहकों का विश्वास मर्सन समूह का एक सबसे बड़ा वादा है।

इस स्तर पर समूह, उसके कर्मचारी अधिकारी और निदेशक निम्नलिखित नियमों पर डटे रहते हैं :

## प्रतिस्पर्धा

- प्रतिस्पर्धा कानून के सभी पहलुओं को लागू करना और ख़ास कर व्यापारिक मूल्यों या व्यावसायिक प्रस्तावों के बारे में जानकारी प्रतिद्वंदियों के साथ साझी नहीं करने के अधिकार को लागू करना।

## सक्रिय भ्रष्टाचार

- किसी व्यापारिक मौके को पाने या फिर उसे बनाये रखने के लिए किसी भी तरह के सीधे या फिर छुपा कर तृतीय पक्षों को न तो सीधे-सीधे और न ही किसी और तरह से पैसे देने या फिर किसी और तरह के रूप में लाभ (जैसे सेवायें, यात्राये, मनोरंजन, सामान) का कोई भी लाभ उठाने के लिए अनुमति न देना। इस विषय में कर्मचारियों या अधिकारी और निर्देशक को यह ध्यान रखना होगा कि समूह के वाणिज्यिक साझेदारों और बिचौलियों को इन मानको के बारे में जानकारी दी गई है और कि वे इनका पालन करने का वायदा करते हैं।

## निष्क्रिय भ्रष्टाचार

- प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पैसे या किसी और तरह का लाभ (उपहार, निमंत्रण) न तो माँगना और न ही स्वीकार करना, सिवाय वह उपहार या निमंत्रण जिनका एक नाममात्र का मूल्य हो।
- किसी भी हाल में किसी आमंत्रण या उपहार (काम-काज से संबंधित दोपहर के खाने के अलावा) लेने के लिए बड़े अफ़सरों की स्वीकृति पहले से होनी चाहिए।

## हितों की गोपनीयता

- जिन जानकारियोंसे किसी भी हितकारक को कोई हानि होती हो उनके बारे में किसी को न बताना।

## हितों का टकराव

- उन कंपनियों के साथ व्यापार के वायदे न करना जिनमें कर्मचारियों या अधिकारी और निदेशक या उनके परिवारों या मित्रों को लाभ होता हो और न ही उन्हें कोई विरोधाभाष के बारे में जानकारियाँ देना। इस विषय में कर्मचारियों आधिकारियों और निर्देशकों को वे उपहार या आमंत्रण देने या लेने नहीं चाहिये जो रिवाज़ों के अनुरूप या फिर लागू कानूनों के अनुरूप न हों। और साथ ही उन्हें ग्राहकों, प्रतिस्पर्द्धियों या प्रदाताओं से लाभ में रुचि या मौकों में अपने से बड़े अफ़सरों या फिर मुख्य निदेशक से पहले लिखित अनुमति लिए बिना नहीं करना चाहिए।

## आपूर्तिकर्ताओं का चुनाव

- किसी भी ऐसे आपूर्तिकर्ता के साथ काम नहीं करना चाहिए जो बारंबार इस नैतिक संहिता का पालन नहीं करता विशेष तौर पर दुनिया में लागू संयुक्त राष्ट्र के दस नियमों और/ या पदार्थों को नैतिक तौर पर उचित ढंग से प्रदान करने संबंधी आर्थिक विकास एवं सहयोग संगठन की मार्गदर्शिका के नियमों का पालन न करता हो। अगर शक होता है तो इस आपूर्तिकर्ता का समूह द्वारा लेखा-परीक्षण किया जायेगा। ऐसा होता है तो उस प्रदाता की सामाजिक, पर्यावरण-संबंधी और कार्याधिकार- संबंधी आदतों के बारे में जानकारी के लिए बाहरी व् आतंरिक लेखा परीक्षक को भेजा जाये।



# अपने शेयरधारकों के साथ हमारे रिश्ते

मर्सन की पूँजी संस्थागत और व्यक्तिगत निवेशकों के पास है।

समूह द्वारा जानकारियों की जो सूचनाएँ बाहर प्रकट की जाती हैं उनका इन निवेशकों के लिए बहुत महत्त्व हो सकता है।

प्रत्येक कर्मचारी, जहाँ तक उसका अपना सवाल है, को इन जानकारियों की अखंडता और सच्चाई के लिए स्वयं को व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार समझना चाहिए।

इस स्तर पर समूह, उसके कर्मचारी अधिकारी और निदेशक निम्नलिखित नियमों पर डटे रहते हैं :

## जानकारियों की सच्चाई

- जनता को सटीक, सही और सच्ची जानकारी देना और साथ ही शेयरधारकों को भी बराबरी की जानकारी से अवगत रखना।

## भेदिया व्यापार

- कर्मचारियों को समय-समय पर भेद देना और खासकर जो भेद, जांनता हो समय- समय पर मर्सन के शेयरों को बेचने के लिए उन्हें यह जानकारी देते रहें कि यह एक ऐसी विशेष जानकारी है जो उनके पास है और इसके बारे में सार्वजनिक सूचना नहीं देनी चाहिए जैसा कि युरोप के «बाज़ार के नियमों के गलत उपयोग" संबंधी नियम में बताया गया है। इस बारे में नये लोगों को उन सज़ाओं के बारे में एक चिट्ठी भेजी जाएगी जिनमे उसको बताया गया होगा उन जानकारियों के बारे में जो वो दे सकते हैं और विशिष्ट जानकारियों की सूचना देने पर जो सजा दी जा सकती हैं।

जिसकी भी इस इस ख़ास जानकारी तक पहुँच होती है उसे भेदिया व्यक्ति माना जाता है फिर चाहे वह सदा के लिए हो या फिर अनियमित समय तक ।

विशेष जानकारियाँ वे हैं जो सबको नहीं दी गई और जो बुद्धिमान निवेशक है वह इसका उपयोग अपने निवेष के फ़ैसले के विषय में इसका उपयोग करने का फैसला ले सकता है।

# सम्पत्ति की सुरक्षा

समूह की संपत्तियों का उद्देश्य मर्सन के हर कर्मचारी को मेरसेन के उदेश्यों तक पहुँचने में मदद करता हैं। अतः कर्मचारियों अधिकारी और निदेशक को चाहिए की वे सम्पत्ति की किसी भी हानि, चोरी या किसी और काम के लिए दुरूपयोग से रक्षा करें।

इस स्तर पर समूह, उसके कर्मचारी अधिकारी और निदेशक निम्नलिखित नियमों का पालन करें :

## गोपनीयता

- बौद्धिक संपदा संबंधी और दक्षता या फिर परियोजनाओं, उत्पादन , श्रम सम्बन्धी या वाणिज्यिक विशेषज्ञता या जानकारी को राज़ बने रहना चाहिए क्योंकि इनके बारे में बाहर जानकारी जाने से समूह की रुचियों को हानि हो सकती हैं।
- किसी भी सूचना या रोजाना के संचालन या आंतरिक समूह , प्रोजेक्ट्स से सम्बंधित दस्तावेज जो प्रकाशन में नहीं गए हैं उन्हें प्रबंधक विभाग से पहले अनुमति लिये बिना बाहर छापने या फिर किसी को बताने का कोई कारण नहीं है, वे केवल आंतरिक उपयोग के लिए हैं और समूह के बाहर साझा नहीं किये जाने चाहियें।

## कंपनी के संसाधनों का उपयोग

- समूह के उपकरणों का उपयोग समूह के नियमों और सुरक्षा-संबंधी नीतियों के अनुसार पालन किया जाना चाहिए और किसी भी हाल में इनका उपयोग गैरकानूनी कार्यों या फिर ऐसे कार्य करने के लिए जिनका मर्सन के कार्य से कोई संबंध नहीं है, नहीं किया जाना चाहिए ।

## समूह की प्रसिद्धि

- कर्मारियों, आधिकारियों और निदेशक को दिमाग में समूह के लाभ को रखते हुए काम करते रहना चाहिए और इस बात का ध्यान रखना रखना चाहिए और इस बात का ध्यान रखे कि उनके अपने विचारों और व्यक्तिगत लाभों और मर्सन के विचारों और लाभों में कोई मतभेद न हो।



# एक उत्तरदायी व्यवसाय के रूप में उपक्रम

समूह एक ज़िम्मेदार कंपनी के तौर पर काम करता है और तृतीय पक्षों के साथ अपनी बातों के आदान-प्रदान में एक सामाजिक, पर्यावरण संबंधी और आर्थिक बातों का ध्यान रखने का भी काम करता है।

समूह का प्रत्येक कर्मचारी अपने सोच में, कार्यों में, सभी साझेदारों के लाभ को ध्यान में रखने का वचन देता है।

इस स्तर पर समूह, उसके कर्मचारी अधिकारी और निदेशक निम्नलिखित नियमों पर डटे रहते हैं :

## वित्तीय विवरणों की सचाई/ सटीकता

- समूह की सभी कंपनियों के विवरण और खातों में मौजूद सभी संपत्तियों, देयता, खर्चों और अन्य लेनदेन की बातों के मामले में मौजूद सभी लेखा कानूनों के अनुरूप इनका प्रबंधन करें। यह होना चाहिए कि समूह के खातों और संपत्तियों को यह आंकड़े ईमानदारी के साथ दिखायें और कोई भी छुपा हुआ राज़ और ऐसी संपत्ति जिसे दर्ज न कराया गया हो उसे न तो बनाया जाये या आयोजित किया जाये।

## पर्यावरण

- समूह जहाँ भी व्यवसाय करता हैं ऐसी सब जगहों पर वहां लागू पर्यावरण के कानूनों और नियमों के अनुसार काम करना चाहिए।

## सतत विकास

- पर्यावरण पर हमारी गतिविधियों का प्रभाव काम पड़े, इसके लिए वे बेहतरीन तरीकों के उपयोग खासकर संसाधनों, ऊर्जा खपत और कूड़े के प्रबंधन को पहचानने का कार्य करते हैं।

## दान और संरक्षण निति

- जिन इलाकों में हम व्यापार करते हैं वहाँ के सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन में अपना भाग निभाने के लिए हम उन इलाकों में वित्तीय सहायता और / या सामान का दान ऐसी विभिन्न संस्थाओं को करते हैं, जिनका उद्देश्य हमारे दान और संरक्षा चार्टर में निर्धारित सीमाओं के भीतर रहकर ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं जो हमारे मूल्यों को ध्यान में रखते हुए और हमारे कॉर्पोरेट उदेश्यों को ध्यान में रखते हुए उनका समर्थन करते हैं ।

WE SUPPORT

## मानवाधिकार

- सिद्धांत १ : कंपनियों को मानवाधिकार संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान और पालन का सम्मन करना चाहिए।
- सिद्धांत २ : कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे ध्यान रखें ताकि वे मानवाधिकारों के उल्लंघनों के सहापराधी न बनें।

## श्रम संबंधी अंतर्राष्ट्रीय आदर्श

- सिद्धांत ३ : कंपनियों को सलाह दी जाती है कि वे संघ की आज़ादी का सम्मान करें और समझौतों के लिए सामूहिक बातचीत को मान्यता दें।
- सिद्धांत ४ : ज़बरदस्ती या अनिवार्य काम को समाप्त करने के लिए प्रयास करने का कंपनियों से आग्रह किया जाता है।
- सिद्धांत ५ : कंपनियों से आग्रह किया जाता है कि वे बच्चों से काम करने के अंत की दिशा में काम करें।
- सिद्धांत ६ : कंपनियों से आग्रह किया जाता है कि वे नौकरी और व्यवसाय के विषय में हर पक्षपात को समाप्त करने के लिए काम करें।

## पर्यावरण

- सिद्धांत ७ : कंपनियों से आग्रह किया जाता है कि जिनसे पर्यावरण को नुक्सान पहुँच सकता है वे उन बातों को लेकर सावधान रहें।
- सिद्धांत ८ : कंपनियों को चाहिए कि वे पर्यावरण की रक्षा की ज़िम्मेदारी के नए प्रयासों को शुरू करने की दिशा में अगुआई करें।
- सिद्धांत ९ : कंपनियों से आग्रह किया जाता है कि वे पर्यावरण की रक्षा की दिशा में नई तकनीकों के विकास और प्रसार का समर्थन करें।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ़ लड़ाई

- सिद्धांत १० : कंपनियों से आग्रह किया जाता है कि वे हर प्रकार के वे धमकी देकर वसूल करने और रिश्वत सहित सभी तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ़ काम करें।



# नैतकि सम्बन्धी संहतिा के लएि कसि से संपर्क करना है ?

अगर इस संहिता के या सिद्धांतों के बारे में कोई प्रश्न हों तो आप अपने से ऊँचे ओहदे पर काम करने वाले व्यक्ति या फिर अपने मानव-संसाधन प्रबंधक विभाग (HR Department) से बात कर सकता हैं ।

अगर किसी विशेष तरीके के बारे में कोई परशानी हो तो हर कर्मचारी कम से कम समय में ऊँचे ओहदे पर काम करने वाले या फिर परिचालक, अपने कार्य-स्थल के प्रबंधन या फिर ( स्थान, इलाके, भाग या समूह) के मानव-संसाधन प्रबंधन विभाग से संपर्क कर सकता है। कुछेक देशों में (संयुक्त राज्य अमरीका, कनाडा) में एक विशेष प्रक्रिया बनाई गई है। आपको यह प्रक्रिया मर्सन के इंट्रानेट पर श्रम सम्बन्धी श्रेणी जो की मानव-संसाधन हिस्से में मिल सकती है। कर्मचारी इस संहिता पर हस्ताक्षर करने वाली कार्यकारी समिति के किसी सदस्य से भी संपर्क कर सकता है। कुछ देशों में अतिरिक्त साधन भी जैसे कर्मचारियों का प्रतिनिधि उपलब्ध हैं।

समूह के बाहर के किसी भी व्यक्ति को जिसकी मर्सन के कुछ व्यवहारों के बारे में प्रश्न हो वह भी समूह के मानव-संसाधन निदेशक से नैतिकता अधिकारी के तौर पर संपर्क कर सकता हैं ।

जिस व्यक्ति ने पूरे विश्वास के साथ अपने सवाल सामने रखे हों उसे किसी भी तरह की सज़ा नहीं दी जाएगी। समूह इस बात का वचन देता है कि उस व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा और की इस बात का ध्यान रखा जायेगा गलत आचरणों के विषय में शीघ्रातिशीघ्र जाँच-पड़ताल की जाएगी।

Expertise, our source of energy

विद्युत शक्ति और उन्नत
सामग्री में वैश्विक विशेषज्ञ

WWW.MERSEN.COM